# ग्राम पंचायत गुलेर, विकास खण्ड नगरोटा सूरियाँ, ज़िला काँगड़ा, हि० प्र० – 176033
# के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का
# अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग-एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपें जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत गुलेर, विकास खण्ड नगरोटा सूरियाँ, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :-**

**प्रधान:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सोनिया | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**सचिव :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री संजीव कुमार | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**तकनीकी सहायक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री इकबाल सिंह | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**ग्राम रोजगार सेवक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सोनिया चौधरी | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत गुलेर के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र०सं० | पैरा सं० | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 4.1 | गत अंकेक्षण अनुसार 31.03.2022 को समेकित अंतशेष एवं रोकड़ बही अनुसार 01.04.2022 को प्रारम्भिक शेष में अत्यधिक अंतर पाया जाना | **13.20** |
| 2. | 4.2 | रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में अत्यधिक अन्तर पाया जाना | **16.20** |
| 3. | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | **35.99** |
| 4. | 7.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | **0.85** |
| 5. | 7.2 | गृहकर/संपत्ति कर के रूप में प्राप्त राशि का प्रथम दृष्टया दुर्विनियोजन/गबन | **0.18** |
| 6. | 8.1 | खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | **0.61** |
| 7. | 8.2 | आपूर्तिकर्ताओं से सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु भुगतान पर जी.एस.टी. टी.डी.एस. (G.S.T T.D.S.) की कटौती न करने के कारण अधिक/अनियमित भुगतान | **0.07** |
| 8. | 8.4 | औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक/स्टोर का क्रय करना | **5.91** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | 8.5 | अग्रिम राशि का समायोजन हेतु शेष पाया जाना | **0.54** |
| 10. | 8.6 | मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे | **0.54** |
| 11. | 9.1 | मनरेगा के अर्न्तगत चयनित माह में व्यय राशि के निर्माण कार्यों से संबंधित वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे | **3.87** |
| 12. | 9.2 | मनरेगा के अंतर्गत निष्पादित विभिन्न कार्यों की माप पुस्तिकाओं में की गई रिकॉर्ड प्रविष्टियों को विभागीय उच्च तकनीकी अधिकारियों द्वारा नमूना जांच उपरान्त सत्यापित एवं प्रतिहस्ताक्षरित न करने के कारण चयनित माह में अनियमित भुगतान करने बारे | **0.81** |
| 13. | 10.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को राजकीय कोष में जमा न करवाने से राजस्व हानि | **0.07** |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णित पैरों पर की गई कार्रवाई की वर्तमान अंकेक्षण के दौरान सत्यापना की गई, जिन पैरों पर की गई कार्रवाई संतोषजनक पाई गई उनका अंकेक्षण के दौरान ही निपटारा कर दिया गया तथा अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:-

**1 अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2014 से 31/03/2017 तक**

| क्र० सं० | पैरा सं० | नवीनतम स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | 5 | अनिर्णीत |
| 2. | 6 | अनिर्णीत |
| 3. | 8 | निर्णीत (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 4. | 9 | अनिर्णीत |
| 5. | 10 | अनिर्णीत |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | 11 | अनिर्णीत |
| 7. | 12 | निर्णीत (पंचायत द्वारा पैरे के समायोजन हेतु प्रस्तुत अभिलेखों के अवलोकन उपरांत पैरे का समायोजन कर दिया गया है) |
| 8. | 13 | अनिर्णीत |
| 9. | 14 | अनिर्णीत |
| 10. | 15 | अनिर्णीत |
| 11. | 16 | अनिर्णीत |
| 12. | 17 | अनिर्णीत |

**2 अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2020 से 31/03/2022 तक**

| क्र० सं० | पैरा सं० | नवीनतम स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत (अंकेक्षण शुल्क मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर पेज- पर दर्ज प्रविष्टि की पुष्टि उपरान्त) |
| 2. | 4 | निर्णीत (वित्तीय स्थिति नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 3. | 4.1 | अनिर्णीत |
| 4. | 4.2 | अनिर्णीत |
| 5. | 5 | निर्णीत (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 6. | 6 | निर्णीत (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 7. | 7.1 | निर्णीत (नवीनतम स्थिति अनुसार वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित) |
| 8. | 7.2 | निर्णीत (वर्तमान अंकेक्षण के दौरान पैरे में शामिल राशि |

| | | |
|---|---|---|
| | | ₹6200.00 की वसूली एवं बैंक में जमा की पुष्टि उपरांत) |
| 9. | 8 | निर्णीत (वर्तमान अंकेक्षण के दौरान पैरे में शामिल राशि ₹17062.00 की वसूली एवं बैंक में जमा की पुष्टि उपरांत) |
| 10. | 8.1 | निर्णीत (वर्तमान अंकेक्षण के दौरान पैरे में शामिल राशि ₹4860.00 की वसूली एवं बैंक में जमा की पुष्टि उपरांत) |
| 11. | 8.2 | अनिर्णीत |
| 12. | 9 | अनिर्णीत |
| 13. | 10 | अनिर्णीत |
| 14. | 11 | अनिर्णीत |
| 15. | 12 | अनिर्णीत |
| 16. | 13 | अनिर्णीत |
| 17. | 14 | अनिर्णीत |

## भाग – दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत गुलेर, विकास खण्ड नगरोटा सूरियाँ, ज़िला काँगड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री दीपक सिंह पठानिया, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 20.11.2024 से 25.11.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वित्तीय वर्ष | आय (माह) | व्यय (माह) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 09/2022 | 03/2023 |
| 2023-24 | 04/2023 | 06/2023 |

<u>**अस्वीकरण (Disclaimer):**</u> - ***इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन***

*पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।*

**3. अंकेक्षण शुल्क**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹4000/-** आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला - 171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 14/2024/गुलेर दिनांक 25.11.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/44 दिनांक 25.11.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र ही शुल्क की अदायगी कर दी जाएगी।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

**(क)** पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 32/2024 दिनांक 20.11.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट - "क"** और **"ख"** में दिया गया है:-

**1. स्व: स्त्रोत:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 603076.00 | 324774.00 | 927850.00 | 567803.00 | 360047.00 |
| 2023-24 | 360047.00 | 0.00 | 360047.00 | 210357.00 | 149690.00 |

**2. अनुदान:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कालम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कालम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 3491323.05 | 2954054.75 | 6445377.80 | 2102823.75 | 4342554.05 |
| 2023-24 | 4342554.05 | 973672.40 | 5316226.45 | 1717539.40 | 3598687.05 |

**कुल योग (1+2)** = 149690.00 + 3598687.05 = **3748377.05**

**नोट:**-रोकड़ बही अनुसार अनुदान IAY, SBM और 13th FC जिनका कुल प्रारम्भिक शेष राशि ₹1109557 है, को गत अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिसे वर्तमान अंकेक्षण की वित्तीय स्थिति में शामिल किया गया है।

**(ख) बैंक समाधान विवरणी:-**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति से **₹37,48,377.05** तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि के अन्तशेष **₹21,27,930.17 (परिशिष्ट - "ग")** से सम्बन्धित विवरणी निम्नानुसार है:-

| क्र० | अनुदान | बैंक | खाता संख्या | बैंक अंत शेष 31.03.24 को |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सभा निधि (OWN SOURCE)/ 5 वाँ राज्य वित्तायोग (5TH SFC)/ पंचायत समिति (PS) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 20021004310 | ₹ 1,54,678.00 |
| 2. | तीसरा राज्य वित्त आयोग (3SFC) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50055970347 | ₹ 0.00 |
| 3. | विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना (V.K.V.N.Y.) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50055970278 | ₹ 91,904.00 |
| 4. | क्षेत्रीय विकेंद्रीकृत योजना (S.D.P.) | के०सी०सी०बी० नगरोटा सूरियाँ | 50069545557 | ₹ 1,13,580.00 |
| 5. | इंदिरा आवास योजना (IAY) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50055970234 | ₹ 0.00 |
| 6. | गुरु रविदास योजना (GRDY) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50055970392 | ₹ 0.00 |
| 7. | संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना(M.P.L.A.D.S.) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50055970256 | ₹ 0.00 |
| 8. | एकीकृत वाटरशेड विकास कार्यक्रम (IWDP)/ एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम (IWMP) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50056896485 | ₹ 0.00 |
| 9. | राजीव आवास योजना/ अटल आवास योजना (RAYEAAY)/ राजीव गांधी आवास योजना (RGAY) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50055970201 | ₹ 0.00 |
| 10. | स्वच्छ भारत मिशन (SBM) | के०सी०सी०बी० | 50056896509 | ₹ 0.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | हरिपुर | | |
| 11. | 13वाँ वित्तायोग ($13^{TH}$ FC) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50055970381 | ₹ 0.00 |
| 12. | 14वाँ वित्तायोग ($14^{TH}$ FC) | के०सी०सी०बी० हरिपुर | 50066291659 | ₹ 0.00 |
| 13. | 15वाँ वित्तायोग ($15^{TH}$ FC) | यूको बैंक हरिपुर | 30720110038130 | ₹ 17,67,620.42 |
| 14. | प्रधानमंत्री किसान योजना (PMKY) | यूको बैंक हरिपुर | 30720110035863 | ₹ 147.75 |
| | हस्तगत शेष (स्व स्त्रोत) | | | ₹ 0.00 |
| | बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योग : | | | ₹21,27,930.17 |
| | **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :-** | | | |
| | रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति/पैरा4(क) के अनुसार अन्तशेष :- | | | **₹37,48,377.05** |
| | पंचायत के बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेष:- | | | **₹21,27,930.17** |
| | **अंतर :-** | | | **₹16,20,446.88** |

**नोट :- अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

**4.1 गत अंकेक्षण अनुसार 31.03.2022 को समेकित अंतशेष एवं रोकड़ बही अनुसार 01.04.2022 को प्रारम्भिक शेष में राशि ₹13.20 लाख के अत्यधिक अंतर बारे**:-

रोकड़ बहियों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों को रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि गत अंकेक्षण अनुसार 31.03.2022 को समेकित अंतशेष एवं वर्तमान अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत रोकड़ बहियों अनुसार 01.04.2022 को प्रारम्भिक शेष में **परिशिष्ट " घ"** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹13,20,371.70** राशि का अन्तर पाया गया जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/गुलेर दिनांक 21.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/33 दिनांक 21.11.2024 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा गत अंकेक्षण में हस्तलिखित रोकड़ बहियों को प्रस्तुत किया गया था एवं समय के अभाव के कारण E-Gram Swaraj Portal पर संधारित रोकड़ बहियों में नियमित अद्यतन न हो पाने के कारण राशि **₹13,20,371.70** का अंतर पाया गया जिस बारे सुधारात्मक कार्रवाई हेतु विभागीय स्तर पर पत्राचार कर E-Gram Swaraj पर संधारित रोकड़ बहियों का मिलान कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रत्युत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: उक्त अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में भी नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाए।

**4.2 रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में राशि ₹16.20 लाख का अत्यधिक अन्तर बारे**:-

रोकड़ बहियों के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों को रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों में दिनांक 31.03.2024 को उपरोक्त पैरा 4(ख) के अनुसार **₹16,20,446.88** की राशि का अन्तर बैंक में कम जमा के रूप में पाया गया तथा IWDP शीर्ष का -₹47802 माइनस शेष पाया गया, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 03/2024/गुलेर दिनांक 21.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/33 दिनांक 21.11.2024 द्वारा तथ्यों

की पुष्टि उपरांत त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा हस्तलिखित रोकड़ बहियों के साथ-साथ E-Gram Swaraj Portal पर संधारित रोकड़ बहियों का भी अद्यतन किया गया है एवं हस्तलिखित रोकड़ बहियों से E-Gram Swaraj Portal पर कार्य करने हेतु परिवर्तन के दौरान त्रुटिपूर्वक online रोकड़ बहियों एवं बैंक में राशि **₹16,20,446.88** के अंतर बारे सुधारात्मक कार्रवाई हेतु विभागीय स्तर पर पत्राचार कर E-Gram Swaraj पर संधारित रोकड़ बहियों का बैंक से मिलान कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: उक्त अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अन्तर की राशि की उचित स्रोत से वसूली कर कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में भी नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाए।

## 4.3 प्रधानमंत्री किसान योजना (PMKY) की रोकड़ बही को ऑनलाइन PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) पर संधारित न करने बारे:-

निदेशक-एवं-विशेष सचिव (RD&PR) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच.सी(10)/2016-5072-95 दिनांक 24.01.2018 द्वारा सभी पंचायती राज संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) में खातों का रख-रखाव करने बारे दिशा निर्देश जारी किए गये जिसके अनुसार सभी पंचायती राज संस्थाएँ दिनांक 31.03.2018 को या उससे पहले रोकड़ बहियों को Online mode पर संधारित करेंगी और उसके बाद Manual Mode (हस्तलिखित) को बंद कर दिया जाएगा।

अंकेक्षण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री किसान योजना (PMKY) के आय व्यय हेतु हस्तलिखित रोकड़ बही प्रस्तुत की गई है जोकि अनियमित है एवं उपरोक्त वर्णित दिशा निर्देशों के विपरीत है। पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ करने, बहुमूल्य मानवश्रम की बचत करने तथा कार्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा "E-Gram Swaraj" के नाम से राष्ट्रीय स्तर के पोर्टल का संचालन किया जा रहा है व ग्राम पँचायत द्वारा इस सुविधा का पूर्ण लाभ न उठाते हुये हस्तलिखित रोकड़ बही का संचालन करने के कारण सरकार द्वारा करोड़ों रुपये व्यय करके चलाये जा रहे "E-Gram Swaraj" पोर्टल

को स्थापित करना ही निरुद्देश्य हो जाता है। इसके अतिरिक्त हस्तलिखित रोकड़ बही को अनुरक्षित करने में व्यर्थ किये जा रहे बहुमूल्य मानवश्रम के कारण पंचायत की अन्य गतिविधियाँ भी नकारात्मक तरीके से प्रभावित होती हैं।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 01/2024/गुलेर दिनांक 20.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/31 दिनांक 20.11.2024 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि प्रधानमंत्री किसान योजना (PMKY) स्कीम E-Gram Swaraj Portal पर उपलब्ध नहीं है एवं भविष्य में इस बारे पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाकर प्रधानमंत्री किसान योजना (PMKY) स्कीम को E-Gram Swaraj Portal पर Map करवा कर online रोकड़ बही संधारित कर ली जाएगी एवं नियमित रूप से रोकड़ बही का नियमानुसार अद्यतन किया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिए आश्वासन अनुसार ऑनलाइन PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) में प्रधानमंत्री किसान योजना (PMKY) की रोकड़ बही को नियमानुसार संधारित कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**4.4 योजनावार पृथक बैंक खाते न खोलना: -**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच.ए.(5)सी(15)-13(एल)5-47005-81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार पंचायतों द्वारा PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) के कार्यान्वयन हेतु योजनावार अलग-अलग बैंक खाता खोलने के संबंध में जारी किए गए विभिन्न निर्देशों और दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पंचायतों को सहायता अनुदान/निधि जारी करने से संबंधित स्वीकृति पत्र में PRIASoft लेखा प्रणाली (वर्तमान में E-Gram Swaraj) की आवश्यकता के अनुसार अनुदान के लेखा शीर्ष को दर्शाया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित निधियों के आय व्यय हेतु योजना वार अलग-अलग बैंक खाता नहीं खोले गये थे जोकि अनियमित है व जिस बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए।

| क्र०सं० | शीर्ष | बैंक | खाता सं० |
|---|---|---|---|
| 1. | सभा निधि (OWN SOURCE) | के०सी०सी०बी० | 20021004310 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | 5वाँ राज्य वित्तायोग (5TH SFC) | हरिपुर | |
| 3. | पंचायत समिति (PS) | | |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा बैंक खातों का संचालन वर्णित नियमों एवं निर्देशों के विरुद्ध है जिस कारण सभा निधि (OWN SOURCE), 5वां राज्य वित्त आयोग (5th SFC) एवं पंचायत समिति (PS) अनुदानों के आरंभिक शेष व अंत शेष की पुष्टि नहीं की जा सकी। यह पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 02/2024/गुलेर दिनांक 21.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/32 दिनांक 21.11.2024 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार सभा निधि (OWN SOURCE), 5वाँ राज्य वित्तायोग (5TH SFC) एवं पंचायत समिति (PS) के बैंक खातों को अलग-अलग कर लिया जाएगा।

अत: इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये व सभा निधि (OWN SOURCE), 5वां राज्य वित्त आयोग (5th SFC) एवं पंचायत समिति (PS) अनुदानों का पृथक बैंक खाता खुलवा कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**5. निवेश**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष स्व-स्त्रोत में

कृत व्यय की तुलना में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 04/2024/गुलेर दिनांक 21.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/34 दिनांक 21.11.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निवेश नहीं किया गया था। भविष्य में नियमानुसार सावधि निवेश कर लिया जाएगा व आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत भविष्य में पंचायत की अतिरिक्त निधि को नियमानुसार निवेश करने के सम्बन्ध में कार्यवाही करना सुनिश्चित करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6. अनुदान

### 6.1 अनुदान राशि ₹35.99 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **9** के अनुसार पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों को फंडिंग एजेंसी के दिशा निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 32/2024 दिनांक 20.11.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट - " क "** व **परिशिष्ट - " ख "** पर संलग्न है के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹35,98,687.05** की राशि उपयोग हेतु शेष थी जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 04/2024/गुलेर दिनांक 21.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/34 दिनांक 21.11.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा यथास्थिति कृत अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**6.2 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **79**(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त सचिव, पंचायती राज विभाग हि०प्र० के पत्र सं० पी०सी० एच०-एच०, ए० (5)(सी)(15)313/88-4614-478 दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी व अन्य स्वीकृत एजेन्सी से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गई राशियों के स्वीकृति पत्र उपलब्ध करवायेगा ताकि अंकेक्षण के समय सुनिश्चित कर सके कि धन राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की जा रही है।

अंकेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त अनुदानों के आदेश/ स्वीकृति पत्र अंकेक्षण हेतु उपलब्ध नहीं करवाये। लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता | अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 04/2024/गुलेर दिनांक 21.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/34 दिनांक 21.11.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि भविष्य में समस्त संकर्म के आदेश/ स्वीकृति पत्रों को प्राप्त कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए एवं अंकेक्षण को दिए आश्वासनानुसार उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7. पंचायत राजस्व

### 7.1 पंचायत राजस्व संपत्ति कर / गृहकर राशि ₹0.85 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34(2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान संपत्ति कर / गृहकर मांग व संग्रहण पंजिका संधारित नहीं पाई गई। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 05/2024/गुलेर दिनांक 22.11.2024 की अनुपालना में पत्र क्रमांक GP/GULER/35 दिनांक 22.11.2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में ₹50/- प्रति परिवार प्रति वर्ष की दर व वित्तीय वर्ष 2023-24 में ₹100/- प्रति परिवार प्रति वर्ष की दर से गृह कर आरोपित किया था एवं राशि **₹84,890.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.2024 को शेष थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " ङ "** पर संलग्न है जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। संपत्ति कर/गृहकर से संबंधित मांग व संग्रहण पंजिका अपूर्ण होने के कारण लम्बित गृह कर तथा वसूली का पूर्ण पता नहीं लगाया जा सका। संपत्ति कर/गृहकर की नियमित वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/गुलेर दिनांक 25.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/43 दिनांक 25.11.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि गृहकर की शीघ्र वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया पंचायत राजस्व राशियों की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार संपत्ति कर / गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका को संधारित कर

प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.2 गृहकर/संपत्ति कर की वसूली से प्राप्त राशि ₹0.18 लाख का प्रथम दृष्टया गबन/दुर्विनियोजन :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम, 2002 के नियम 5(1) के अनुसार जब ग्राम पंचायत द्वारा धन प्राप्त किया जाता है तो ग्राम पंचायत का सचिव, हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997 में सलंग्न प्ररूप-3 पर अमिट स्याही से सम्यक रूप से हस्ताक्षरित रसीद धन संदत्त करने वाले व्यक्ति / निधिकरण अभिकरण को जारी करेगा और इसका प्रतिपर्ण कार्यालय में रखा जाएगा तथा नियम 6 (3) के अनुसार ग्राम पंचायत की ओर से प्राप्त और खर्च किया गया सारा धन, ग्राम पंचायत निधि में जमा और प्रत्याहृत किया जाएगा तथा वित्त नियम 7(1) के अनुसार ग्राम पंचायत का सचिव, साधारण नियमों के प्ररूप-14 में रोकड़ बही बनाएगा। रोकड़ बही में प्रविष्टियां संव्यवहार की तारीख पर आय और व्यय की प्रत्येक मद के साथ की जाएगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 01/04/22 से 31/03/24 में प्रपत्र-3 की रसीद बुकों का प्रयोग करके राशि **₹36,200.00** गृहकर/संपत्ति कर एकत्रित की गई थी जिसका **परिशिष्ट "च"** पर संलग्न विवरण अनुसार रोकड़ बही में लेखांकन एवं बैंक में जमा करने संबंधी अनियमितता पाई गई, जिसमें से ₹18000/- की राशि का प्रथम दृष्टया दुर्विनियोजन/गबन किया गया प्रतीत होता है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 08/2024/गुलेर दिनांक 22.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/38 दिनांक 23.11.2024 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत त्रुटि को स्वीकार करते हुये अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा हस्तलिखित रोकड़ बहियों के साथ-साथ E-Gram Swaraj Portal पर संधारित रोकड़ बहियों का भी अद्यतन किया जा रहा है एवं हस्तलिखित रोकड़ बहियों से E-Gram Swaraj Portal पर कार्य करने हेतु परिवर्तन के दौरान त्रुटिपूर्वक online रोकड़ बहियों में गृहकर से प्राप्त राशि की प्रविष्टि नहीं हो पाई जिस बारे सुधारात्मक कार्रवाई हेतु

विभागीय स्तर पर पत्राचार कर E-Gram Swaraj पर दुरुस्ती कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर प्रथम दृष्टया तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता है।

अत: गृहकर/संपत्ति कर की एकत्रित राशि **₹ 36,200.00** को रोकड़ बही में लेखांकन एवं बैंक में जमा करने संबंधी अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए यथा स्थिति उक्त राशि का लेखांकन रोकड़ बही में करना एवं बैंक में जमा करना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8. व्यय**

**8.1 खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹0.61 लाख के अनियमित भुगतान बारे:-**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम, 2015 के नियम 81 व 81 ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी सहित करना होगा। इसके अतिरिक्त निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, हि०प्र० के पत्र क्रमांक XEN-(RD&PR)-DB-GENERAL/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 व XEN-(RD&PR)-Royalty/2011-Vol-1-10247-10393 दिनांक 24.07.2024 द्वारा भी समय-समय पर निर्देश जारी किए गये कि खनन सामग्री क्रय हेतु भुगतान केवल संबंधित ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित करने उपरांत ही किया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के नमूना अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा रेत, बजरी, पत्थर की खरीद की गयी थी परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान से पूर्व आपूर्तिकर्ता से उक्त ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा नियमों की अवहेलना एवं निर्देशों की अनदेखी के परिणामस्वरूप **परिशिष्ट - " छ"** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹61,362.00** का आपूर्तिकर्ता को अनियमित भुगतान किया गया था। ट्रांजिट पास उपलब्ध न होने के कारण क्रय खनन सामग्री के आपूर्ति स्रोत की

वैधता की पुष्टि नहीं की जा सकी जिस कारण अवैध खनन स्त्रोत से आपूर्ति की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 10/2024/गुलेर दिनांक 23.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/40 दिनांक 25.11.2024 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निर्माण कार्यों पर प्रयोग की गई सामग्री (रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि) के बिलों के समर्थन में ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित नहीं की गई और भुगतान किया गया। ग्राम पंचायत इस त्रुटि को स्वीकार करती है व आपूर्तिकर्ता से ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) प्राप्त कर आगामी अंकेक्षण को प्रस्तुत कर दिये जाएंगे। प्रस्तुत प्रत्युत्तर तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता है।

अतः राशि **₹61,362.00** के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस संबंध में संबंधित विभाग से संपर्क/पत्राचार कर तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में खनन सामग्री के क्रय के दौरान बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास की प्राप्ति सुनिश्चित की जाये व तदुपरांत ही आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाये।

**8.2 आपूर्तिकर्ताओं से सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु भुगतान पर जी.एस.टी. टी.डी.एस. (G.S.T T.D.S.) की कटौती न करने के कारण राशि ₹0.07 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान बारे:-**

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि०प्र० आबकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part (278/25)-29056 दिनांक 29.09.2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति/फर्म/संस्था/स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local Authority/Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक वित्तीय वर्ष में एकल अनुबन्ध के अन्तर्गत ₹2,50,000.00 से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1%CGST + 1%SGST – अंतर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% IGST – अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती संबंधित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के

समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले संबंधित विभाग में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान वित्त वर्ष 2023-24 के व्यय चयनित माह 06/2023 के बिल/वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान के समय आपूर्तिकर्ता (M/S Himachal Tiles) से नियमानुसार जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती नहीं की गई थी । ग्राम पंचायत द्वारा नियमों की अवहेलना एवं अनदेखी के परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं से सेवाओं एवं सामग्री क्रय हेतु अंकेक्षण अवधि के चयनित माह के दौरान कुल राशि **₹3,71,655.00** का भुगतान किया गया जिस पर नियमानुसार आपूर्तिकर्ताओं से जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में भुगतान की गई राशि का 2% की दर से राशि **₹7,433.00** की कटौती नहीं की गई थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ज"** में दिया गया है। जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 11/2024/गुलेर दिनांक 23.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/41 दिनांक 25.11.2024 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में भुगतान के समय आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार जी.एस.टी. टी.डी.एस. (G.S.T T.D.S.) की कटौती नहीं की गई थी जिस कारण आपूर्तिकर्ता को अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया है। ग्राम पंचायत इस त्रुटि को स्वीकार करती है। अतः अतिरिक्त भुगतान की गई राशि की वसूली आपूर्तिकर्ता से करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा । प्रस्तुत प्रत्युत्तर संतोषजनक नहीं है और यह एक अनुचित प्रक्रिया है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती किए बिना आपूर्तिकर्ताओं को बिल/वाउचरों के प्रति किए गये भुगतान को नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अंकेक्षण के दिए आश्वासनानुसार कटौती योग्य जी.एस.टी. टी.डी.एस. की अपेक्षित राशि की वसूली आपूर्तिकर्ताओं से करने उपरांत सम्पूर्ण राशि संबंधित विभाग में जमा करवाई जाए और भविष्य में भी भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. टी.डी.एस. से संबंधित नियमों की अनुपालना सुनिश्चित की जाये व तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

## 8.3 आपूर्तिकर्ताओं से पत्थर के क्रय हेतु भुगतान से पूर्व रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण राशि ₹0.01 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान बारे: -

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (HPPWD) के विशिष्टियों के पैरा क्रम (2.1.2.13) में पत्थरों (Stone/Boulders) की आपूर्ति में रिक्तियों (Voids) की 12.5% दर से कटौती करना निर्धारित है।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से पत्थरों की खरीद करने हेतु नियमानुसार आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने से पूर्व 12.5% की दर से रिक्तियों की कटौती नहीं की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा नियमों की अवहेलना एवं अनदेखी के परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को पत्थरों की खरीद हेतु 12.5% की दर से रिक्तियों की कटौती किए बिना कुल राशि **₹9,240.00** का भुगतान किया गया जिस पर राशि **₹1,155.00** का अधिक/अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " झ "** में दिया गया है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 12/2024/गुलेर दिनांक 25.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/42 दिनांक 25.11.2024 द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में भुगतान के समय आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार रिक्तियों (Voids) की कटौती नहीं की गई थी जिस कारण आपूर्तिकर्ता को अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया है। ग्राम पंचायत इस त्रुटि को स्वीकार करती है। अतः अतिरिक्त भुगतान की गई राशि की वसूली आपूर्तिकर्ता से करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा प्रस्तुत प्रत्युत्तर संतोषजनक नहीं है और यह एक अनुचित प्रक्रिया है।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार रिक्तियों की कटौती किए बिना आपूर्तिकर्ताओं को बिल/वाउचरों के प्रति किए गये भुगतान को नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिए आश्वासनानुसार कटौती योग्य रिक्तियों की अपेक्षित राशि की वसूली उचित स्रोत से की जाए और भविष्य में भी भुगतान से पूर्व रिक्तियों की कटौती से संबंधित

नियमों की अनुपालना सुनिश्चित की जाये व तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.4 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही ₹5.91 लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करना: -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने, निविदायें (Quotations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि औपचारिकतायें प्रावधित है।

विस्तृत अंकेक्षण हेतु चयनित माह के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि पंचायत द्वारा राशि **₹5,90,652.00** के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट " ञ "** में दिया गया है, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने एवं बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ न उठाने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/गुलेर दिनांक 25.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/43 दिनांक 25.11.2024 द्वारा बताया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में तथा कार्य की आकस्मिकता के कारण औपचारिकताओं को पूर्ण नहीं किया जा सका व भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि को नहीं दोहराया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये कृत व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाने उपरान्त ही स्टॉक/स्टोर का क्रय,भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.5 अग्रिम राशि ₹0.54 लाख का समायोजन हेतु शेष पाया जाना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 30 के अनुसार पंचायत द्वारा फार्म-9 में अस्थायी अग्रिमों का रजिस्टर तैयार करना तथा किए गये अग्रिमों का वित्तीय वर्ष के अंत में समायोजन किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान अस्थायी अग्रिमों के रजिस्टर को प्रस्तुत नहीं किया गया और चयनित माह 03/2023 व 06/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित नगरोटा सूरियाँ को सीमेंट के क्रय हेतु राशि **₹53,992.00** का अग्रिम प्रदान किया गया था, परंतु दिनांक 31.03.2024 तक उक्त राशि का समायोजन नहीं हुआ था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट " ट "** में दिया गया है। जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/गुलेर दिनांक 25.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/43 दिनांक 25.11.2024 द्वारा बताया गया कि अग्रिम राशि का समायोजन शीघ्र कर लिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अस्थायी अग्रिमों के रजिस्टर को संधारित कर हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित नगरोटा सूरियाँ को की गई अग्रिम भुगतान राशि का समायोजन करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8.6 राशि ₹0.54 लाख के मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम 79(2) अनुसार पंचायत सचिव संपरीक्षा के संचालन के लिए, संपरीक्षक(कों) सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होगा और सभी अभिलेखों विवरणीयों और लेखों के रजिस्टर/ अभिलेख संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए तैयार रखेगा।

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 03/2023 व 06/2023 के व्यय वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा सीमेंट के क्रय से संबंधित मूल बिल (Original Bill) प्रस्तुत नहीं किए गये। अंकेक्षण में प्रस्तुत हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित नगरोटा सूरियाँ के दार्शनिक बिल (Proforma Bill)/Delivery/Transfer Challan/Payment Receipt के आधार पर **परिशिष्ट " ट "** पर संलग्न विवरणानुसार राशि **₹53,992.00** का भुगतान हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित नगरोटा सूरियाँ को सीमेंट के क्रय हेतु किया गया जिसके बदले में समय-समय पर ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों में प्रयोग हेतु सीमेंट लिया गया।

उक्त भुगतान एवं प्राप्त सीमेंट की मात्रा से संबंधित मूल बिल अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने के कारण सीमेंट की स्टॉक प्रविष्टियों एवं खपत की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/गुलेर दिनांक 25.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/43 दिनांक 25.11.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित नगरोटा सूरियाँ से मूल बिल (Original Bill) प्राप्त कर अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः उक्त मामले को उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ लाकर Delivery/Transfer Challan के आधार पर की गई अग्रिम भुगतान राशि की जांच पड़ताल कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाये एवं संबंधित विभाग से संपर्क/पत्राचार कर मूल बिल (Original Bill) प्राप्त कर स्टॉक रजिस्टर का अद्यतन करने उपरांत नियमानुसार अग्रिम समायोजन लेखें सहित कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। अंकेक्षण द्वारा सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सीमेंट के क्रय हेतु अग्रिम भुगतान केवल दार्शनिक बिल (Proforma Bill) प्राप्ति के उपरांत ही किया जाये।

**9. मनरेगा के अंतर्गत निष्पादित विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित अनियमितता बारे**

**9.1 मनरेगा के अर्न्तगत चयनित माह में व्यय राशि ₹3.87 लाख के निर्माण कार्यों से संबंधित वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम **94, 95** व **101** के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति व प्राक्कलन तैयार किए बिना नहीं किया जा सकता। हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **79(2)** अनुसार पंचायत सचिव संपरीक्षा के संचालन के लिए, संपरीक्षक(कों) सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार होगा और सभी अभिलेखों विवरणीयों और लेखों के रजिस्टर/ अभिलेख संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए तैयार रखेगा।

अंकेक्षण के दौरान बिल/वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अर्न्तगत चयनित माह में व्यय राशि **₹3,86,590.00** से संबंधित निर्माण कार्यों के अभिलेख (माप पुस्तिका, प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति, प्राक्कलन, उपयोगिता प्रमाण पत्र और अनुभागी / संकर्म व सतर्कता कमेटी द्वारा हस्ताक्षरित अनुबंध) अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके अभाव में **परिशिष्ट " ठ "** पर संलग्न विवरणानुसार किए गए भुगतान की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/गुलेर दिनांक 25.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/43 दिनांक 25.11.2024 में पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि उक्त कार्यों से संबंधित प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति, प्राक्कलन, माप पुस्तिका व उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जाएंगे। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः मनरेगा के अर्न्तगत निष्पादित विकास कार्यों हेतु व्यय राशि से संबंधित वांछित अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे मामले को विभागीय स्तर पर उच्च अधिकारियों के ध्यानार्थ लाकर तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए। कार्यवाही अमल में लाकर वस्तुस्थिति अनुसार अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.2 मनरेगा के अंतर्गत निष्पादित विभिन्न कार्यों की माप पुस्तिकाओं में की गई रिकॉर्ड प्रविष्टियों को विभागीय उच्च तकनीकी अधिकारियों द्वारा भुगतान हेतु नमूना जांच उपरान्त सत्यापित एवं प्रतिहस्ताक्षरित न करने के कारण चयनित माह में राशि ₹0.81 लाख के अनियमित भुगतान करने बारे: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिसूचना क्रमांक PCH-HB(1)10/2017-PREW-44424-570 दिनांक 23.07.2019 के अनुसार तकनीकी सहायकों द्वारा माप पुस्तिका में तैयार किए गए कार्य अभिलेख प्रविष्टियों और बिल के मूल्यांकन के लिए, 3.00 लाख रुपये तक की लागत वाले कार्य जूनियर इंजीनियर द्वारा सत्यापित किए जाएंगे और जूनियर इंजीनियर द्वारा तैयार किए गए 3.00 लाख रुपये से अधिक लागत वाले रिकॉर्ड

प्रविष्टियों और बिल को सहायक इंजीनियर या कार्यकारी इंजीनियर द्वारा सत्यापित किया जाएगा, जैसा भी मामला हो।

अंकेक्षण के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित मस्टर रोलों एवं बिल वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा राशि **₹80,836.00** का भुगतान उपरोक्त वर्णित नियमों की अवहेलना करते हुये किया गया था, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट " ङ"** पर संलग्न है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13/2024/गुलेर दिनांक 25.11.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक GP/GULER/43 दिनांक 25.11.2024 द्वारा अंकेक्षण को बताया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में मनरेगा कार्यों से संबंधित माप पुस्तिकाओं का सम्बन्धित विभागीय उच्च तकनीकी अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत में कार्यरत तकनीकी सहायक द्वारा की गई रिकॉर्ड प्रविष्टियों को पारित एवं प्रतिहस्ताक्षरित नहीं करवाया गया था जिसे उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया जाएगा व नियमानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियम प्रावधानों के विपरीत एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

